Date 21/09/22

व्याकरण C.W. पाठ-7 कक्षा → IV th H.W. [माँ पर निबन्ध लिखो -]

① पुरुषवाचक सर्वनाम → भाषा में वक्ता, श्रोता अथवा जिसके विषय में बात की जाती है, उनके लिए प्रयोग किए जाने वाले सर्वनाम शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं।
(क) उत्तम पुरुष (ख) मध्यम पुरुष (ग) अन्य पुरुष।

② संकेतवाचक सर्वनाम → जिन सर्वनाम शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति का निश्चित ज्ञात होता है, उन्हें संकेतवाचक सर्वनाम कहा जाता है, जैसे → (क) यह घड़ी उसकी बहन है। (ख) वे हॉकी खेल रहे हैं। यहाँ 'यह' और 'वे' संकेतवाचक सर्वनाम हैं।

③ अनिश्चय वाचक → जिन सर्वनाम शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति का कोई निश्चय न हो अर्थात् ठीक-ठाक पता न चले, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे - (क) बाहर कोई आया है। (ख) यह गिलास किसने तोड़ा है? यहाँ 'कोई' और 'किसने' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है।

④ सम्बन्धवाचक सर्वनाम → जो सर्वनाम शब्द संज्ञा अथवा दूसरे सर्वनामों का परस्पर सम्बन्ध जोड़ते हैं; उन्हें सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहा जाता है; जैसे → (क) जो जैसा करेगा, वह वैसा ही पाएगा। (ख) वह वही व्यक्ति है, जो कल आया था।

⑤ प्रश्नवाचक सर्वनाम → जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहा जाता है; जैसे → (क) इतना ऊँचा कौन कूद सकता है यहाँ कौन प्रश्नवाचक है।

⑥ निजवाचक सर्वनाम → वे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग अपने लिए किया जाता है, निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे → तुम्हें अपना बस्ता स्वयं लगाना चाहिए।